Downloaded From www.icseboard.org

# त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019

## हिन्दी भाषा

**कक्षा : VII**

**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें।** [15]

(क) संसार के समस्त प्राणी किसी न किसी स्थान को बहुत पसंद करते हैं। आपको कौन सा स्थान पसंद है ? इस स्थान की विशेषताओं एवं महत्व का वर्णन करते हुए एक निबंध लिखें।

(ख) सभी व्यक्ति खेलना पंसद करते हैं। कोई किसी खेल को पसंद करता है तो कोई किसी खेल को। आपको कौन सा खेल पसंद है ? उसकी विशेषता, उपयोगिता एवं उससे होने वाले लाभों का वर्णन करते हुए निबंध लिखें।

(ग) किसी ऐसे सर्कस का वर्णन कीजिए, जिसमें आपको अति आनंद आया हो।

(घ) रक्षा बंधन का त्योहार क्यों मनाया जाता है ? इसके मनाने के पीछे कौन सी कहानी है ? इसके महत्व का वर्णन करते हुए एक निबंध लिखें।

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें।** [10]

(क) अगले सप्ताह आपके बड़े भाई का विवाह है, जिसके कारण आप पाँच दिन तक विद्यालय जाने में असमर्थ होंगे। अतः पाँच दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाध्यापिका को पत्र लिखें।

*(Turn Over)*

(ख) आपके पिताजी ने आपका दाखिला आवासीय विद्यालय में करवा दिया है। आप अपनी छात्रावासीय दिनचर्या का वर्णन करते हुए अपने दादाजी को पत्र लिखिए।

**3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें।**

ब्रिटेन के मुख्य न्यायाधीश थे श्री गैस्की। उस समय इंग्लैंड में हेनरी चतुर्थ का शासन था और हेनरी पंचम युवराज पद पर था।

युवराज का एक नौकर किसी अपराध में पकड़ा गया। युवराज ने उसे छुड़ाने की चेष्टा की। पर न्यायाधीश ने उसकी एक न सुनी और अपराधी को उचित दंड़ दे दिया। युवराज ने उसे अपनी अवज्ञा समझी। क्रोध में लाल-पीला वह न्यायालय जा पहुँचा। जज ने उसे कानून की मर्यादा समझाने का प्रयास किया। युवराज ने इस परामर्श को अपना अपमान समझा और नौकर को बलपूर्वक छुड़ाकर ले जाने की चेष्टा करने लगा। इस पर जज श्री गैस्की ने युवराज को न्यायकक्ष से निकल जाने का आदेश दिया।

युवराज क्रोध से आग-बबूला हो जज की कुर्सी की ओर लपका। वह दो कदम ही आगे बढ़ पाया था कि जज के तेजस्वी तथा गंभीर व्यक्तित्व से अभिभूत हो वहीं रूक गया। जज ने आदेश दिया – "युवराज! मैं न्याय के इस आसन पर बैठकर अपने सम्राट के सम्मान की रक्षा कर रहा हूँ। तुमने जो उद्‌दंडता और न्यायालय की मानहानि की है उसके लिए मैं आज अदालत के उठने तक तुम्हें कैद की सजा देता हूँ"।



(ii) यदि समय से वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।
(काल का उपभेद बताएँ)

(iii) कल से लगातार बारिश हो रही है।
(क्रिया-विशेषण चुनकर भेद बताएँ)

(iv) यह मोहन का घर है।
(सर्वनाम चुनकर भेद बताएँ)

(v) सुधा सातवीं कक्षा में पढ़ती है।
(विशेषण चुनकर भेद बताएँ)

(vi) मुझे ग्रीष्म ऋतु अच्छा नहीं लगता ।
(वाक्य शुद्ध करें)

(vii) प्रातःकाल के समय हवा शुद्ध होती है।
(वाक्य शुद्ध करें)

(viii) जातिवाचक एवं व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द का एक-एक उदाहरण दीजिए।



Downloaded From www.jesboard.org

जज की आज्ञा सुनकर भरी अदालत में सन्नाटा छा गया। युवराज का क्रोध जैसे ही शांत हुआ, उसने अपनी गलती मान ली और सिर नीचा कर दंड स्वीकार कर लिया।

युवराज के पिता हेनरी चतुर्थ को जब इस घटना का पता चला तो वे गद्गद् होकर बोले – "जिस राज्य में विधान की रक्षा करने वाला ऐसा न्यायाधीश है, वह राज्य धन्य है।"

1. ब्रिटेन के मुख्य न्यायाधीश कौन थे ? उस समय इंग्लैंड पर कौन शासन कर रहा था ? [2]
2. जज ने किसे न्याय-कक्ष से निकल जाने का आदेश दिया और क्यों? [4]
3. क्रोध में आकर युवराज ने क्या किया ? इसके लिए जज ने उसे क्या सजा दी ? [4]
4. सम्राट हेनरी चतुर्थ क्यों खुश हुए ? तथा खुश होकर उन्होंने क्या कहा ? [4]
5. उपर्युक्त गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]
6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें। [3]
   अवज्ञा, न्यायालय, आदेश

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [3]

इच्छा, गंगा, अहंकार

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [3]

कायर, आस्तिक, उपकार, अगला, अनिवार्य, उपयोगी



Downloaded From www.icseboard.org

जज की आज्ञा सुनकर भरी अदालत में सन्नाटा छा गया। युवराज का क्रोध जैसे ही शांत हुआ, उसने अपनी गलती मान ली और सिर नीचा कर दंड स्वीकार कर लिया।

युवराज के पिता हेनरी चतुर्थ को जब इस घटना का पता चला तो वे गद्गद् होकर बोले – "जिस राज्य में विधान की रक्षा करने वाला ऐसा न्यायाधीश है, वह राज्य धन्य है।"

1. ब्रिटेन के मुख्य न्यायाधीश कौन थे ? उस समय इंग्लैंड पर कौन शासन कर रहा था ? [2]
2. जज ने किसे न्याय-कक्ष से निकल जाने का आदेश दिया और क्यों? [4]
3. क्रोध में आकर युवराज ने क्या किया ? इसके लिए जज ने उसे क्या सजा दी ? [4]
4. सम्राट हेनरी चतुर्थ क्यों खुश हुए ? तथा खुश होकर उन्होंने क्या कहा ? [4]
5. उपर्युक्त गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]
6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें। [3]
   अवज्ञा, न्यायालय, आदेश

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [3]

इच्छा, गंगा, अहंकार

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [3]

कायर, आस्तिक, उपकार, अगला, अनिवार्य, उपयोगी

3

**6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के बदले एक-एक शब्द लिखें। [3]**

(i) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो

(ii) जिसका कभी जन्म नहीं होता

(iii) सदा रहने वाला

**7. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें। (प्रश्न उतारें) [4]**

काल, अंग, आम

**8. निम्नलिखित समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें। (शब्द उतारें) [3]**

| | | |
|---|---|---|
| अवलंब | जलद | गत |
| अविलंब | जलज | गति |

**9. निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द लिखें। (प्रश्न उतारें) [3]**

आ , प्र , वि

**10. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ। [½+1½x2=4]**

अपना उल्लू सीधा करना

एड़ी चोटी का जोर लगाना

कंधे से कंधा मिलाकर चलना

कान का कच्चा होना

**11. निम्नलिखित शब्दों का विच्छेद करें। (शब्द उतारें) [4]**

पराधीन, परमेश्वर, सदैव, व्यायाम, जगदीश

**12. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्त्तन करें। [8]**

(i) हाथी नदी में नहाता है। (क्रिया का भेद बताएँ)



6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के बदले एक-एक शब्द लिखें। [3]
(i) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो
(ii) जिसका कभी जन्म नहीं होता
(iii) सदा रहने वाला
7. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें। (प्रश्न उतारें) [4]
काल, अंग, आम
8. निम्नलिखित समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें। (शब्द उतारें) [3]
अवलंब जलद गत
अविलंब जलज गति
9. निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द लिखें। (प्रश्न उतारें) [3]
आ , प्र , वि
10. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ। [½+1½x2=4]
अपना उल्लू सीधा करना
एड़ी चोटी का जोर लगाना
कंधे से कंधा मिलाकर चलना
कान का कच्चा होना
11. निम्नलिखित शब्दों का विच्छेद करें। (शब्द उतारें) [4]
पराधीन, परमेश्वर, सदैव, व्यायाम, जगदीश
12. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्त्तन करें। [8]
(i) हाथी नदी में नहाता है। (क्रिया का भेद बताएँ)
4

Downloaded From www.icseboard.org